डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23




# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,शनिवार 11 मार्च,2023 वर्ष–07 / अंक–293 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये


## पीएम मोदी ने NPDRR का किया उद्घाटन बोले- आपदा को रोक तो नहीं सकते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में आपदा जोखिम न्यूनीकरण राष्ट्रीय मंच (NPDRR) के तीसरे सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत में आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्था हमेशा स्थानीय रही है, समाधान और रणनीति भी स्थानीय रही है... चाहे स्थानीय निर्माण सामग्री हो या फिर निर्माण तकनीक,



इसको हमें आज की जरूरत और आज की तकनीक से समृद्ध करना है। पीएम ने इन संस्थाओं की तारीफ की साथ ही कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच (एनपीडीआरआर) 2023 के तीसरे सत्र के उद्घाटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी हाल ही में तुर्की और सीरीया में आगे भूकंप के बाद भारतीय दल के प्रयासों को पूरी दुनिया ने सराहा है। ये बात हर भारतीय के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि राहत और बचाव से जुड़े मानव संसाधन और तकनीकी क्षमता को भारत ने जिस तरह बढ़ाया है, उससे देशभर में भी अलग–अलग आपदा के समय बहुत सारे लोगों के जीवन बचाने में मदद मिली है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां दो संस्थानों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार दिया गया। ओडिशा स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी, साइक्लोन से लेकर सुनामी तक विभिन्न आपदाओं के दौरान बेहतरीन काम करती है। इसी तरह मिजोरम के लुंबई फायर स्टेशन ने जंगल में लगी आग को बुझाकर पूरे इलाके को बचाया। मैं इन संस्थाओं के सभी साथियों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। दुनियाभर में सराहा गया भारत का काम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तुर्की में आए विनाशकारी भूकंपों के बाद ऑपरेशन दोस्ती के तहत हमारे एनडीएमए और एनडीआरएफ के काम को दुनिया भर में सराहा गया है। वहीं एनपीडीआरआर 2023 पुरस्कार के विजेता ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (OSDMA) और लुंगलेई फायर स्टेशन, मिजोरम हैं। एनपीडीआरआर भारत सरकार द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के क्षेत्र में संवाद, अनुभवों, विचारों, विचारों, क्रिया–उन्मुख अनुसंधान को साझा करने और अवसरों का पता लगाने के लिए गठित एक बहु–हितधारक मंच है।

## क्या जल्दबाजी में पुलवामा शिफ्ट हुआ श्रीनगर का ट्रेनिंग सेंटर

श्रीनगर में हुमामा स्थित सीआरपीएफ के ट्रेनिंग सेंटर को गत वर्ष जब लेथपोरा शपुलवामाश में शिफ्ट किया जा रहा था, तो उस पर कई सवाल उठे थे। सीआरपीएफ के मौजूदा एवं पूर्व अधिकारियों ने उस बदलाव को नियमों का उल्लंघन बताया था। ऐसा पहली बार हुआ था कि सीआरपीएफ के 117 लोगों ने ट्रेनिंग सेंटर को शिफ्ट करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। हालांकि उन्हें सर्वोच्च अदालत से राहत नहीं मिल सकी और ट्रेनिंग सेंटर को पूरी तरह लेथपोरा शिफ्ट कर दिया गया। उस वक्त बल के शीर्ष नेतृत्व की ओर से कई तरह की दलीलें दी गई थीं। जैसे यह ट्रेनिंग सेंटर काफी पुराना है। यहां पर्याप्त स्पेस नहीं है। सुविधाओं का अभाव है। अब सीआरपीएफ के मौजूदा डीजी डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन ने शहुमामाश में हवलदार पदोन्नति कोर्स शएचसीपीसीश कराए जाने को मंजूरी दी है। सूत्रों का कहना है कि बल प्रमुख ने तार्किक आधार पर यहां एचसीपीसी कोर्स कराए जाने का निर्णय लिया है। यह कोर्स 27 मार्च से शुरू होगा।

**बदलाव से प्रभावित हुए बल के हजारों परिवार**

बल के सूत्रों का कहना है कि डीजी डॉ. सुजॉय लाल थाउसेन, जवानों की ट्रेनिंग को लेकर बहुत गंभीर हैं। उन्होंने बल के अनेक ट्रेनिंग सेंटरों का दौरा किया है।



शहुमामाश सेंटर पर पहले भी ट्रेनिंग ही होती रही है। वहां पर्याप्त सुविधाएं भी थीं। इसके बावजूद उसे शिफ्ट करने का निर्णय ले लिया गया। अब सवाल यह उठता है कि पहले उस सेंटर को लेथपोरा क्यों शिफ्ट किया गया था। ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि उसे एकाएक लेथपोरा ले जाने के आदेश जारी कर दिए गए। लेथपोरा में अभी प्री इंडक्शन ट्रेनिंग होती है। यानी जो कोई जवान या अधिकारी, पहली बार कश्मीर में पोस्टिंग पर आता है, तो उसे कुछ माह की शपीआईश ट्रेनिंग दी जाती है। उस बदलाव से सीआरपीएफ के हजारों परिवार प्रभावित हुए थे। ट्रेनिंग सेंटर को शिफ्ट करने से नाराज कार्मिक, अदालत में चले गए थे। अब उसी सेंटर पर एक हजार जवानों का हवलदार पदोन्नति कोर्स कराया जाएगा। बल मुख्यालय के आदेशों में कहा गया है कि इसके लिए वहां पर प्रशिक्षक स्टाफ, सहायकों एवं दूसरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। कोर्स का संचालन, संस्थान में तैनात कार्मिकोंध्प्रशिक्षक स्टाफ से कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए हुमामा में अलग से स्टाफ प्रदान नहीं किया जाएगा।

**अफसरों के बीच नहीं बन सकी थी सहमति**

इस मामले को लेकर बल में काफी बड़ा विवाद हुआ था। श्रीनगर के इस ट्रेनिंग सेंटर को पुलवामा शिफ्ट करने को लेकर अफसरों के बीच सहमति नहीं बन सकी थी। अधिकांश कैडर अफसर चाहते थे कि यह ट्रेनिंग सेंटर बना रहे, जबकि शीर्ष अधिकारियों की राय जुदा थी। उस वक्त सूत्रों ने बताया था कि ट्रेनिंग सेंटर को शिफ्ट करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से केएलपी यानी शकी लोकेशन प्लानश को स्वीकृत कराना होता है। शिफ्ट होने के कार्य पर करीब छह सौ करोड़ रुपये खर्च होने थे। शीर्ष अफसरों को मालूम था कि इस खर्चीले बदलाव के लिए गृह मंत्रालय मंजूरी नहीं देगा। उन्होंने एक सुरक्षित रास्ता निकाल लिया। श्रीनगर आरटीसी को लेथपोरा ले जाने वाली फाइल में बड़ी चालाकी से शअस्थायीश शब्द जोड़ दिया गया। इसके बाद सेंटर को शिफ्ट करने की सारी बाधाएं दूर हो गईं। मई 2021 में बल मुख्यालय में हुई एक बैठक में जो कुछ तय हुआ था, उसे किनारे रख दिया गया। यानी उस बैठक में सेंटर को शिफ्ट करने बाबत सहमति नहीं बनी थी। तत्कालीन एडीजी मुख्यालय ने बैठक में कहा था, श्रीनगर आरटीसी के पास पर्याप्त स्पेस नहीं है। उसके जरिए श्रीनगर सेक्टर और ट्रांजिट पर्सनल की जरुरतें पूरी हो नहीं सकतीं, इसलिए रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाना चाहिए। इस संबंध में जो कुछ भी किया जाए, वह कम से कम खर्च में पूरा हो।

**सीआरपीएफ के आईजी (वर्क्स) ने दिया ये सुझाव**

इसे सेंटर को शिफ्ट करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से केएलपी यानी शकी लोकेशन प्लानश स्वीकृत कराना होगा। नए सेंटर पर निर्माण के लिए 400 से 600 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। श्रीनगर आरटीसी के लिए 104 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च हो चुका है। नए ट्रेनिंग सेंटर के लिए 160 से 170 एकड़ जमीन चाहिए। जो मौजूदा लोकेशन देखी जा रही हैं, उनमें नगरोटा में 35 एकड़ और सूरतगढ़ में 62 एकड़ जमीन है। इन दोनों जगह की जमीन, ट्रेनिंग सेंटर के लिए अपर्याप्त है। विभाग को चाहिए कि वह श्रीनगर के आसपास तीन–चार जगह पर ट्रेनिंग सेंटर के लिए जमीन की खोज करे।

**कहीं पर अधिक खर्च तो कहीं पर्याप्त जमीन नहीं**

कई अफसरों ने तर्क दिया कि किसी दूसरी जगह पर ट्रेनिंग सेंटर शिफ्ट करना, अभी ठीक नहीं है। इस पर भारी धनराशि खर्च होगी और सरकार से मंजूरी भी नहीं मिलेगी। आईजी (ट्रेनिंग) ने कहा था कि एटीसी सूरतगढ़ में केवल 62 एकड़ जमीन है। नए ट्रेनिंग सेंटर के लिए यह जमीन बहुत ही कम है। 1500 रिक्रूट के लिए तो लगभग 170 एकड़ जमीन लेनी होगी। एटीसी सूरतगढ़ में जो बिल्डिंग बनी है, वह उबड़ खाबड़ जमीन है। 1970 के आसपास वह बिल्डिंग बनी थी। उस बिल्डिंग को गिराकर जब नया ट्रेनिंग सेंटर बनेगा तो उस पर बहुत अधिक खर्च आएगा। नगरोटा में 35 एकड़ जगह है, मगर वह अपर्याप्त है। एक सुझाव यह भी आया कि मौजूदा आरटीसी में ही करीब एक हजार जवानों के लिए तीन–चार नई बैरक बना दी जाएं। हुमामा में करीब तीस एकड़ जमीन नॉन ट्रेनिंग कार्य के लिए है, उसका इस्तेमाल किया जा सकता है। जेएंडके जोन के आपरेशनल मकसद और रिक्रूट ट्रेनिंग के लिए आरटीसी बहुत जरूरी है।

**सीआरपीएफ ट्रेनिंग महानिदेशालय ने मना किया**

आरटीसी श्रीनगर बहुत पुराना है। नब्बे के दशक से लेकर अब तक यहां 104 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। अब नया सेंटर खड़ा करना, बहुत खर्चीला है। विभाग को सरकार से 600 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी मिलना आसान नहीं है। साल 2012 के बाद से बेसिक ट्रेनिंग के 19 बैच (प्रत्येक 44 सप्ताह), ट्रेड्समैन ट्रेनिंग के आठ बैच (प्रत्येक 44 सप्ताह), योगा कोर्स के छह बैच, घाटी में आने वाले जवानों की प्री इंडक्शन ट्रेनिंग एवं दूसरे कार्य, आरटीसी श्रीनगर में सफलता से पूरे किए गए है। 2012 से 2018 तक नियमित रिक्रूट बेसिक ट्रेनिंग हुए हैं। आरटीसी श्रीनगर ने खुद को साबित कर दिखाया है। यहीं पर तीन चार नई बैरक बना दी जाएं, ताकि वहां 700 से 1000 जवानों को एडजस्ट किया जा सके। सीआरपीएफ ट्रेनिंग महानिदेशालय का तर्क शीर्ष अफसरों को ठीक नहीं लगा।

## पुलिस ने 13 लोगों को किया गिरफ्तार



मेघालय के पूर्वी जयंतिया हिल्स जिले में एक पूर्व ग्राम प्रधान के घर में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी जगपाल सिंह ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि यह घटना आठ मार्च की रात करीब की है। उस वक्त रिंबाई लॉपिनसिन गांव के पूर्व प्रधान के घर को कुछ लोगों के ग्रुप ने आग लगा दी थी।

जिले के एसपी जगपाल सिंह ने बताया कि घटना के वक्त एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया गया था, वहीं बाकि के आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे थे। पूर्व प्रधान ने ख्लेरियत पुलिस स्टेशन नें एफआइआर दर्ज करई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू की।

उन्होंने आगे बताया कि जांच के दौरान यह पता चला कि एमइसीएल कंट्रोल रूम में काम करने वाले एक अधिकारी ने आग लगने से पहले ही बिजली की लाइन को काट दिया था। एसपी ने बताया कि जांच के क्रम में घटना में शामिल सभी 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें से तीन एमइसीएस के कर्मचारी भी इस घटना में शामिल थे। अब पुलिस आग लगाने की वजह जानने की कोशिश में जुटी हुई है।

## त्रिपुरा सीएम मानिक साहा ने किया विभागों का बंटवारा

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को नए मंत्रियों को विभाग बांट दिए। वहीं सबसे महत्वपूर्ण गृह विभाग अपने पास ही रखा। मुख्य सचिव जे के सिन्हा द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, माणिक साहा ने गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और पीडब्ल्यूडी विभाग अपने पास रखा है, जबकि रतन लाल नाथ को बिजली, कृषि और किसान कल्याण का प्रभार दिया गया है।



प्रणजीत सिंघा रॉय को योजना और समन्वय और सूचना प्रौद्योगिकी के साथ वित्त विभाग मिला है। सुशांत चौधरी खाद्य और नागरिक आपूर्ति, परिवहन और पर्यटन के नए प्रभारी मंत्री हैं जबकि सनातन चकमा को उद्योग और वाणिज्य का प्रभार दिया गया है। वहीं टिंकू रॉय खेल विभाग देखेंगे।

साथ ही बिकाश देबबर्मा को आदिवासी कल्याण, हथकरघा, हस्तशिल्प और रेशम उत्पादन और सांख्यिकी मिला है जबकि सुधांशु दास अनुसूचित जाति कल्याण, पशु संसाधन और मत्स्य पालन के मंत्री हैं। आईपीएफटी के एकमात्र विधायक सुक्ला चरण नोतिया को सहकारिता, आदिम जाति कल्याण (टीआरपी एंड पीटीजी) और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग दिया गया है।

अधिसूचना में कहा गया है कि अन्य सभी विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं, उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा देखा जाएगा। साहा और उनके मंत्रियों को आठ मार्च को शपथ दिलाई गई थी। मुख्यमंत्री शिक्षा, सूचना और सांस्कृतिक मामले, शहरी विकास, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कानून और संसदीय मामलों जैसे विभाग भी देखेंगे क्योंकि ये किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं।

**हिंसा की जांच करने माकपा, भाकपा, कांग्रेस की टीम त्रिपुरा पहुंची**

माकपा, भाकपा और कांग्रेस के नेताओं वाला आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल त्रिपुरा में चुनाव बाद हुई हिंसा का जायजा लेने के लिए तथ्यान्वेषी मिशन पर शुक्रवार को यहां पहुंचा। टीम के 12 मार्च तक राज्य में रहने की उम्मीद है, जिसके बाद वह एक रिपोर्ट सौंपेगी और इस मुद्दे को संसद में उठाया जाएगा, जो 13 मार्च से बुलाई जाएगी। इसको लेकर सीपीआई सांसद बिनॉय विस्वाम ने गुरुवार को ट्वीट भी किया था।

राज्य के वरिष्ठ माकपा नेता, पबित्रा कर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल को तीन टीमों में विभाजित किया जाएगा, जो पश्चिमी त्रिपुरा, सिपाहीजाला और खोवाई के प्रभावित जिलों का दौरा करेगा। पबित्रा कार ने दावा किया कि दो मार्च को विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से राज्य में हिंसा के बाद की करीब 1,200 घटनाएं हुई हैं।

साथ ही कहा कि घायलों की सही संख्या के साथ–साथ क्षति की सीमा का पता नहीं लगाया जा सका क्योंकि चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद से अनगिनत घटनाएं हुई हैं। चुनाव के बाद की हिंसा पर एक प्रामाणिक रिपोर्ट संकलित करने के लिए एक प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है। वहीं जीबीपी अस्पताल में शुक्रवार को घायलों से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री माणिक साहा ने पुलिस से अमन–चौन बनाए रखने के लिए उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

## प्रख्यात भागवताचार्य रसिया बाबा महाराज 13 मार्च से कहेंगे श्रीमद्भागवत कथा



वृन्दावन।रुक्मणि विहार क्षेत्र स्थित सेठ मुरलीधर मानसिंगा भवन में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 13 से 19 मार्च 2023 पर्यंत किया जा रहा है।जिसमें प्रख्यात भागवताचार्य रसिया बाबा महाराज प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे।यह जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि इस आयोजन के मुख्य यजमान सुभाष मित्तल व ध्रुव मित्तल (मुंबई) हैं। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी 9412178154।

## अयोध्या में श्री रामलला को राम भक्तों ने गुलाल लगाकर खेली होली, प्रसाद में मिली गुझिया



दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज

ब्यूरो चीफ – अजय कुमार मांझी ,अयोध्या अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के अस्थाई मन्दिर में विराजमान रामलला के संग युवाओं ने जमकर होली खेली। रामलला को अबीर गुलाल लगा गुझिया चढ़ाई। निर्माणाधीन भव्य मंदिर के गर्भगृह स्थल पर भी पहुंचकर जमकर रंग खेला।राम जन्मभूमि परिसर में इस बार होली का भव्य आयोजन हुआ। गर्भगृह को रंग बिरंगे फूलों और नए वस्त्रों से सजाया गया। वहीं अयोध्या के मंदिरों में भी होली उत्सव का भव्य नजारा रहा। मठ मंदिरों से लेकर सरयू घाट तक होली के जश्न में लोग डूबे रहे। इस दौरान मधुबनी मिथिला बिहारी दास ने रामलला को फगुआ गीत सुनाए। पुजारी ने गुझिया प्रसाद को परिसर में आए भक्तों में वितरित किया। राम जन्मभूमि परिसर में होली खेलने पहुंचे युवा राम भक्त धर्मवीर ने कहा कि पहली बार रामलला के साथ होली खेलने का अवसर मिला है। रामलला को अबीर लगा चरण वंदन किए। निर्माणाधीन गर्भगृह में खूब जमकर नाच गाना किया !

## पत्रकार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमण्डल उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिला,पुलिस सुरक्षा में गायब सन्त कहा पर गए पता लगवाएं



दैनिक दि ग्राम टुडे न्यूज

ब्यूरो प्रमुख – अजय कुमार मांझी , अयोध्या अयोध्या लखनऊ उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र की अगुवाई में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिलकर बीते 50 दिनों से पुलिस सुरक्षा में रहते हुए नरसिंह मन्दिर अयोध्या के 90 वर्षीय महन्त रामशरण दास के गायब होने को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पता लगवाने की मांग की है। घटनाक्रम के अनुसार दो पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में रहते हुए बीते 10 जनवरी को रहस्यमय ढंग से महन्त जी गायब हो गये, सुरक्षा कर्मियों ने पांच दिनों तक किसी वरिष्ठ अधिकारी को सूचित नहीं किया।15 जनवरी को अयोध


विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।

फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।

फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।

फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।

4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000

क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।

क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।

कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।

9918366626


## 43 महिलाओं और बच्चियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया - अनुराग्यम



अनुराग्यम नई दिल्ली ने 8 मार्च 2023, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 43 महिलाओं और बच्चियों को सुपर टैलेंट गर्ल अवार्ड एवं इंफ्लेन्सेर वोमेन अवार्ड से समानित किया । भारत के अलग अलग राज्यों से अलग अलग वर्ग (सोशल एक्टिविटीज, एजुकेशन, आर्ट एवं संस्कृति, नृत्य, खेल, म्यूजिक एवं म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स) में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया । यह वो बच्चियां है, महिलाएं है जिन्होंने समाज में अपनी एक पहचान बनाई और समाज के कल्याण में अपने अपने वर्ग में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया ।सुपर टैलेंटेड गर्ल अवार्ड 2023 से सम्मानित बच्चियों के नाम रू अनुराधा चौधरी, आरोही पाटिल, सजनी वाराधाराजन, दीक्षा त्यागी, कविति पावनी, दिव्या वसंत अहीर, गौरी बहरे, पूर्वी रजक, कंदरेगुला साईश्रीनिधि, अफशीन बानू शेख, ओशिन आनंद, कनिष्का मोरे, एम जी श्रुति, हिरवा बधेका, देबोलीन बग, अक्षरा पटेरिया ।इंफ्लेन्सेर वोमेन अवार्ड 2023 से सम्मानित महिलाओं के नाम रू कविता जैन, स्निग्धा छाया अध्यापक, निधि सहगल, डॉक्टर आकांक्षा चौधरी, पलक शर्मा, तान्या, अनुपमा श्रीवास्तव, रूपश्री एस मोहन्ती, दीपंका शर्मा, पुनीत मदान, डॉ पूजा वी आनंद, शीतल शर्मा, प्रीति अरोड़ा, अंजू दागा, श्रेया सूरज, मोनोसरी रॉय, डॉक्टर लोपामुद्रा बहरा, मोनिका कपूर, डॉक्टर छाया कुमारी, निधि कीर्तिभाई कुंवरानी, डॉ मंजू बसंत अहीर, विनीता पुंडीर, डॉ तरुणा माथुर, निधि बंसल, प्रज्ञा मिश्रा, मीनू बाला, अंकिता बहती, ममता रजक।श्री सचिन चतुर्वेदी, संस्थापक, अनुराग्यम इन बच्चियों और महिलाओं के प्रगति के प्रति अपनी भावनाओं को इन अवार्ड्स के जरिए इन सब में उत्साह भर कर नव जीवन के कल्याण की शुभकामनाएं देते हैं और भारत की सभी नारियों के समाज के प्रति अपनी प्रतिभा को और आगे ले जाने की मनोकामना करते हैं । अनुराग्यम परिवार हर पल सभी महिलाओं एवं बच्चियों के हुनर को अपने पटल पर साल भर भारत एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की कोशिशें करता है ताकि भारत की बच्चियां और महिलाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर में अपनी पहचान बना सकें ।

## श्रीरामानुज सम्प्रदाय की बहुमूल्य निधि थे स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज



वृन्दावन। केशीघाट स्थित ठाकुरश्री जानकीवल्लभ मन्दिर में मंदिर के संस्थापक जगद्गुरु स्वामी भगवान दास महाराज का जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गया।प्रातः काल महाराजश्री की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर उनकी चरण पादुकाओं का पूजन –अर्चन किया गया।ठाकुर जानकीवल्लभ मन्दिर के अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव जगद्गुरु स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज श्रीरामानुज सम्प्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।उन्होंने आजीवन इस सम्प्रदाय को समुन्नत बनाने के लिए अनेकों कार्य किए।स्वामी रघुनाथाचार्य महाराज ने कहा कि जगद्गुरु भगवान दास महाराज श्रीधाम वृन्दावन के प्राचीन स्वरूप के परिचायक थे।उन जैसी पुण्यात्माओं का अब युग ही समाप्त होता चला जा रहा है।हम बडभागी हैं,जो हमें उनके संरक्षण में पुष्पित व पल्लवित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि जगद्गुरु स्वामी भगवानदासाचार्य महाराज सहजता, सरलता, उदारता व परोपकारिता आदि सद्गुणों की खान थे।यदि हम लोग उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन में धारण कर लें तो हमारा कल्याण हो सकता है।

इस अवसर पर स्वामी गोविंद ब्रह्मचारी महाराज,पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ, डॉ. रमेश चंद्राचार्य महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, विष्णुकांत भारद्वाज, ब्रजवासी भैया, युगल गोस्वामी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महोत्सव में संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी
9412178154

## परिवारों से दूर प्रेरणा वृद्धाश्रम में भी बुजुर्गों ने उत्साह के साथ मनाया होली का त्यौहार



वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक। प्रेरणा वृद्धाश्रम में धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्यौहार होली। प्रेरणा की अध्यक्षा एवं सदस्यों ने बुजुर्गों को परोसे पकवान। होली महोत्सव पर बुजुर्गों ने भी लिया उत्साह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद। कुरुक्षेत्र,। अपने परिवारों से दूर प्रेरणा वृद्धाश्रम में जीवन यापन कर रहे अनेकों बुजुर्ग होली महोत्सव के कार्यक्रम में झूमने को मजबूर हो गए। हों भी क्यों न क्योंकि प्रेरणा वृद्धाश्रम में अन्य त्यौहारों लोहड़ी, दीपावली, दशहरा तथा तीज के भांति रंगों व प्रेम प्यार का त्यौहार होली भव्य तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रेरणा संस्था की अध्यक्षा रेनू खुंगर एवं अन्य सदस्यों ने अपने हाथों से विभिन्न पकवान बनाकर बुजुर्गों को खिलाए। बुजुर्गों मलाई कोफ्ता, मटर पनीर और मिठाइयों का खूब आनंद लिया। इस मौके पर नगर के अनेक प्रमुख लोगों ने भी वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ होली का त्यौहार मनाया। अध्यक्षा रेनू खुंगर ने बताया कि कार्यक्रम शुभारम्भ से पूर्व देश के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा उसके उपरांत सभी ने मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। फिर सभी ने एक दूसरे को जहां रंग लगाए वहीं आश्रम के बुजुर्ग भी रंग लगाने में पीछे नहीं रहे। होली के त्यौहार पर अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बुजुर्ग दंपतियों ने पुराने गीतों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर अन्य भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें

## वाराणसीरू मामा का दामाद बताकर युवक के खाते से उड़ाए 26 हजार

वाराणसी, राजातालाब। मैं आपका बहनोई, साला, चाचा या अन्य कोई रिश्तेदार बोल रहा हूं। मुझे रुपये भेजने हैं लेकिन दिक्कत हो रही है। क्या आप रुकम भेज देंगे। जी हां कुछ इसी तरह से रिश्तेदार बनकर साइबर ठग लोगों के अकाउंट खाली कर रहे हैं। राजातालाब के एक युवक के साथ जालसाज ने मामा का दामाद बनकर ठगी की। उसने दो बार में रकम भेजने के नाम पर 26 हजार रुपये खाते से निकाल लिए। पीड़ित युवक ने साइबर सेल के हेल्पलाइन 1930 में मामले में अज्ञात जालसाज के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।राजातालाब निवासी आशीष केशरी व्यापारी हैं ने बताया कि उनके पास बुधवार 8 मार्च की दोपहर बाद एक फोन आया। उसने खुद को परिचित बताते हुए रुपये पहुंचाने के लिए मदद मांगी। ऑनलाइन एप न चलाने की वजह से उन्होंने आशीष से संपर्क करने की बात कही। इसके बाद उसने आशीष को फोन किया और खुद को मामा का दामाद बताया। साथ ही किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आशीष को 20 हजार रुपये पहुंचाने की बात कही। इसके बाद जालसाज ने उसके नंबर पर दो रुपये भेजे। जानकारी पक्की करने के बाद जालसाज ने 20 हजार रुपये का एक लिंक भेजा।युवक ने बताया कि लिंक पर क्लिक करते ही उसके खाते से पहली बार में 20 हजार और दूसरी बार में 6 हजार की रकम कट गई। इसके बाद से जालसाज के फोन पर कई बार कॉल की लेकिन रिसीव नहीं हुई। युवक ने मामले की शिकायत राजातालाब पुलिस चौकी पर की। 24 घंटे बीत जाने के बाद कोई कार्रवाई नही होने पर पीड़ित पुलिस चौकी पुनः गया तो संबंधित पुलिस कर्मियों ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने को पीड़ित को कह कर लौटा दिया। तत्पश्चात् सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता से मुलाकात कर पीड़ित ने गुरुवार को पूरे मामले की राजकुमार के सहयोग से साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है।

यह बरतें सावधानी

किसी भी अनजान काल पर भरोसा न करें

किसी को बैंक संबंधी जानकारी न दें

व्हाट्सएप, फेसबुक, जीमेल या अन्य कहीं भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें

लॉटरी या अन्य लालच वाले मैसेज व मेल से भी सावधान रहें

बैंक अधिकारी बनकर फोन करने वालों से भी सावधान रहें

ठगी होने पर तुरंत पुलिस से अवश्य संपर्क करें

साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत कर सकते हैं।

धन्यवाद

द्वारा

राजकुमार गुप्ता

वाराणसी।

## बड़े रासमंडल पर धूमधाम से संपन्न हुआ होली महोत्सव



वृन्दावन।गोविंद घाट स्थित अखिल भारतीय निर्मोही बड़ा अखाड़ा श्रीहित रासमंडल में होली महोत्सव श्रीमहंत श्रीहित लाड़िली शरण महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।महोत्सव के अंतर्गत श्रीजी मंदिर का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक श्रृंगार किया गया।साथ ही उन्हें 56 भोग निवेदित किए गए। तत्पश्चात मंगल बधाई समाज गायन हुआ।बरसाना के प्रख्यात रासाचार्य स्वामी कन्हैया लाल शर्मा की रासमंडली के द्वारा होली लीला का मनोहारी मंचन किया गया।जिसमें ठाकुर स्वरूपों के द्वारा लठामार व फूलों की होली खेली गई। श्रीहित रासमंडल के महंत श्रीहित लाड़िली शरण महाराज ने कहा कि होली ब्रज का प्रमुख पर्व है।इस होली का आनंद स्वयं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण एवं रससाम्राज्ञी श्रीराधा रानी ने भी समस्त ब्रजगोपिकाओं के साथ लिया था।उसी परम्परा का निर्वाह हमारे सदगुरुदेव निकुंज लीला प्रविष्ट महंत माखनचोर दास महाराज के समय से श्रीहित रासमंडल पर प्रतिवर्ष किया जाता है।होली महोत्सव में महंत दंपतिशरण काका महाराज, संत सेवक शरण महाराज,महंत पुरुषोत्तम पुजारी महाराज, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, संत रसिक माधवदास महाराज, रासाचार्य देवेंद्र वशिष्ठ, डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा, पंडित राधावल्लभ वशिष्ठ,वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर दिनेश सिंह तरकर, प्रियावल्लभ वशिष्ठ, डॉ. राधाकांत शर्मा, इन्द्र शर्मा, लालू शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी
9412178154

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को लेकर दृढसंकल्पित : प्रो. सोमनाथ सचदेवा



वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक।

कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने किया हेल्थ सेंटर में आधुनिक तकनीक से लैस एक्सरे मशीन का उद्घाटन।कुरुक्षेत्र, ।कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों की स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को लेकर दृढसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की बेहतरी के लिए वहां कार्यरत कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है। वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक तकनीक से लैस एक्सरे मशीन के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की बेहतरी के लिए वहां के मानव संसाधन का स्वस्थ रहना जरूरी होता है तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अपने स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से समय–समय पर अपने कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रकार के निःशुल्क चौकअप कैम्प व जागरूकता अभियान का आयोजन करता रहता है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी सभी को बधाई देते हुए कहा आधुनिक तकनीक से लैस एक्सरे मशीन के माध्यम से कर्मचारियों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा कर्मचारियों को एक्सरे के लिए बाहर नहीं जाना पडेघ्गा। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने पर्यावरण स्वच्छता के अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में पौधारोपण भी किया।कुवि के स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर, डॉ आशीष अनेजा ने इस सेवा को शुरू करने के लिए कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा का आभार व्यक्त किया। डॉ. अनेजा ने बताया कि इससे पहले कर्मचारियों को एक्सरे के लिए बाहर जाना पड़ता था और इसी को ध्यान में रखते हुए यहां पर यह मशीन लगवाई गई ताकि सभी को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि इस डिजीटल व आधुनिक तकनीक की एक्सरे मशीन में एक्सरे के लिए बहुत ही कम समय लगता है तथा इसकी रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से भी भेजी जा सकती है।स्वास्थ्य केन्द्र के द्वारा शहर व आसपास के गांव में समय–समय पर निःशुल्क अनेकों मेडिकल कैम्प का आयोजन, कई संस्थाओं को फ्री मेडिकल सेवाएं, रेड क्रॉस सोसायटी और पैनोरमा साइंस सेंटर में बीमारियों पर व्याख्यान, कैंसर दिवस, विश्व गठिया दिवस, वर्ल्ड हार्ट डे व बदलते हुए मौसम को देखते हुए लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाता है।इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, एक्सईएन पंकज शर्मा, नरेन्द्र, विरेन्द्र, अवतार सिंह, वरूण शर्मा, रूपेश खन्ना, सुभाष वर्मा, जयशंकर, अशोक व गुरुदेव सिंह सहित स्वास्थ्य केन्द्र के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। वर्ल्ड किडनी डे पर किया जागरूक।कुवि के स्वास्थ्य केंद्र के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर, डॉ आशीष अनेजा ने गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे पर जागरूक करते हुए कहा कि एक्यूट किडनी इंजरी के कारण दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 1.7 मिलियन मौतें हो जाती है। उन्होंने बताया कि हमारे स्वास्थ्य के लिए किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और किडनी की बीमारी और इससे जुड़ी स्वास्थ्य जटिलताओं के प्रभाव को कम करने के लिए वैश्विक अभियान है। उन्होंने बताया कि क्रोनिक किडनी रोग की महामारी के कारण मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के लक्षण अधिक पाए जाते हैं। माना जा सकता है। उन्होंने बताया कि मानव शरीर में किडनी महत्वपूर्ण अंग है इसलिए इसे ठीक रखने के लिए स्वस्थ संतुलित आहार लें तथा समय–समय पर मधुमेह के स्तर एवं रक्तचाप के स्तर की जाँच कराएं। इसके साथ ही व्यसनों के सेवन से परहेज करें।

## सम्पादकीय

### विश्व महिला दिवस नई सदी की नई राजनीति, नायक होगीं महिलाएं

महिला और पुरुष की समानता का संघर्ष आधुनिकता के दौर की प्रतिस्पर्धी दुनिया का एक योजनाबद्ध अभियान है। आधुनिकता जिन क्रांतिकारी कार्यक्रमों के साथ अवतरित हुई और व्यवस्था परिवर्तन के नारों के साथ जिस नवजागरण का महानाद किया गया, उसमें भी महिलाएं महिमामंडन का ही शिकार होकर रह गईं। उस क्रांति में ही खास भ्रांति थी। स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा तो था पर बहनापा कहां गया? सबका साथ–सबका विकास के मूल्यों को स्थापित करने में ही आधुनिकता चूक गई। लैंगिक भेद पर भद्र विश्व पर्दा डालकर लोकतांत्रिक मूल्यों के महा–आख्यान में मग्न हो गया।महिलाएं भी इसी आश में कंधे से कंधा मिलाकर एक नई खूबसूरत दुनिया के ख्याल में खो गईं। धीरे–धीरे उनकी जमां पूंजी भी जाती रही। महिलाओं ने भी पहचान और प्रतिस्पर्धा का उसी राह का अनुसरण किया जो नवजागरण से प्रस्फुटित राजनीति के मुख्य अभिनेता पुरुष वर्ग द्वारा बनाई गई। उसी का परिणाम है कि आज तक भी पूरी दुनिया में महिला राजनीति का कोई मुकाम नहीं बन पाया।तथाकथित विकसित कहे जाने वाले मुल्कों में भी महिलाओं की उपस्थिति भले बदली हो पर स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं हुआ, क्योंकि नवजागरण कही जाने वाली बदलाव की नई धारा में भी महिलाओं का अपना कोई राजनैतिक विमर्श खड़ा नहीं हो पाया। उनके लिए कोई राजनीतिक स्पेस बन ही नहीं पाया।सत्ता में सहभागितानारीवादियों का यह नारा "दुनिया के आधे आकाश पर हमारा अधिकार है" नक्कार खाने में तूती ही साबित हुआ। सत्ता में सहभागिता के साथ जो राजनैतिक भागीदारी महिलाओं को मिलनी थी, उसके लिए आवश्यक दशाएं ही भद्र–लोक ने नहीं बनने दीं। जिस आधुनिक राजनैतिक संस्कृति में महिला राजनीति उद्‌भाषित हुई वह उसी पुरुष वर्चस्व वाले विमर्श से सनी हुई है, जो अवसरवादी, भेदभाव और पुरुष मानसिकता के मूल्यों को मजबूत करती है।महिला राजनीतिक विमर्श की अपनी कोई पहचान नहीं बन पाई है। उन्हें भी सत्ता सदनों में उसी पौरुषीय तांडव का साहरा लेना पड़ता है। परिणामतः धीरे–धीरें महिलाएं उसी राजनीतिक संस्कृति में अपनी जगह तलाशती दिख रही हैं, उन्ही पुरुष वर्चस्ववादी मूल्यों का अभ्यास करती दिख रही हैं, जो अभी तक लोकतांत्रिक मूल्यों का काफी ह्रास कर चुका है। जहां येन–केन–प्रकारेण वाला नंगा कैरियरवाद राजनीति कहलाता है।जहां न नेता का जन जुड़ाव प्राथमिकता है और न ही विचार की मजबूती की प्रतिबद्धता। राजनीतिक संघर्ष अभिनय की शैली की तरह आत्मसात करना और सदाचरण को भ्रष्टाचार के शरणागत करना पुरुष–वर्चस्व की राजनैतिक संस्कृति की मुख्य स्थापनाएं है। क्या महिलाएं इससे इतर कोई राजनीतिक संस्कृति खड़ी करने का उद्यम रच पाएंगीं?महिला राजनैतिक विमर्श की आवश्यकतानवजागरण से उभरे नारीवादी विमर्श को अपने ढंग का सत्ता–विमर्श खड़ा करना था। महिला राजनैतिक विमर्श को नई विमाएं देनी थी। सत्ता विमर्श की नई भाषा में नए राजनैतिक मूल्यों का मानवीय आख्यान करना था। नारीवाद की असली ताकत और पहचान इसमें निहित थी। यह हुआ होता तो अभी तक भागीदारी और हिस्सेदारी पर ही महिला आंदोलन की गाड़ी नहीं अटकी होती।दुनिया नवजागरण से नवउदारवाद की ओर बढ़ चली है। बहस–मुबाहिसों के मुद्दे मिनट–दर–मिनट बदल रहे हैं। राज्य नाम की संस्था स्वयं कमजोर हो चली है। राजनीति खुद नए साथ खोज रही है। सत्ता उसका साथ छोड़ रही है। पॉवर पॉलिटिक्स अब पूंजी पॉलिटिक्स की तरफ जाती दिख रही है। ऐसे में जब राजनीति धनबल को अख्तियार कर लेगी तो क्या महिला राजनीति के लिए कोई खास गुंजाईश बनती दिख रही है?जहां पहले ही आर्थिक संसाधनों से महिलाओं की वंचना सारी दुनिया में एक जैसी हैं। इस पूरे उलझे हुए परिदृश्य में भारतीय महिलाएं अपने लिए राजनैतिक स्पेस कैसे बनाएं? कैसे समसामयिक चुनौतियों का सामना करें? सत्ता में हिस्सेदारी कैसे बढ़े? बहुत पेंचीदे सवाल हैं इन यक्ष प्रश्नों का जवाब तलाशना आज की फौरी जरूरत है।महिला दिवस 2022राजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयास जरूरीराजनीति में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए उनके प्रतिनिधित्व की व्यवस्था एक प्रभावी कदम साबित हो सकता है। क्योंकि पार्टियां महिलाओं को अपेक्षित संख्या में टिकट ही नहीं दे रही हैं। पार्टियां ऐसी महिलाओं की जानबूझकर अनदेखा करती हैं जो जमीनी स्तर पर समाज में अपने काम के बूते अपनी पहचान और प्रभाव रखती हैं। बावजूद इसके कि पंचायत स्तर पर महिलाएं राजनीतिक हिस्सेदारी से सकारात्मक परिणाम बड़े स्तर पर दर्ज कर रही हैं।अध्ययन यह बताते है कि स्थानीय स्तर पर राजनीतिक क्रियाकलापों में व्यापक सुधार आए हैं। इसलिए ऊपर के स्तरों पर भी महिलाओं को उचित अनुपात में भागीदारी के अवसर प्रदान करना एक कल्याणकारी राज्य की प्राथमिकता हो। इस दिशा में महिलाओं के लिए सत्ता में भागीदारी की व्यवस्था सराहनीय और सामयिक महत्व की पहल होगी। सरकार को महिलाओं के लिए अपनी क्षमताओं का खुलकर सृजनात्मक उपयोग कर सकारात्मक वातावरण बनाने में सार्थक हस्तक्षेप कर आगे बढ़ना चाहिए, साथ ही महिलाएं परिपक्व राजनीतिक समझ के साथ राजनीति के परम्परागत सत्ता समीकरणों को बदलकर समाज में नई राजनीतिक संस्कृति का विस्तार करें। 21वीं सदी के शुरुआती दशक से ही ऐसे रुझान भारतीय चुनाव परिणामों से आते दिख रहे हैं कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक चेतना से लैस हो रही हैं। सत्ता सदनों में उनकी सहभगिता धीमी ही सही पर बढ़ रही है। महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक समझ का सर्वाधिक उज्जवल पक्ष यह है कि आजाद भारत में चुनाव–दर–चुनाव उनकी मतदान में सहभागिता भी बढ़ रही है। उनके राजनैतिक और चुनावी व्यवहार में नए परिवर्तन दर्ज हुए हैं।

# बलूचिस्तान हाईकोर्ट ने इमरान खान के खिलाफ जारी अरेस्ट वारंट किया रद्द



पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदालतों में कई मामलों का सामना कर रहे हैं। खान के खिलाफ गुरुवार एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उन पर राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप लगाया है। एक दिन बाद शुक्रवार को एक शीर्ष अदालत ने इस गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। क्वेटा के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ खान की पार्टी पीटीआई ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी) में एक याचिका दायर की, जिसमें गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने और क्वेटा के एक पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने का आग्रह किया गया। क्वेटा बलूचिस्तान की राजधानी है।एचसी के न्यायमूर्ति जहीर–उद–दीन काकर ने बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक, जांच निदेशक, वरिष्ठ अधीक्षक (कानून), थाना प्रभारी और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया और सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।चेपेजंदरू इमरान के खिलाफ हत्या–आतंकवाद का मामला दर्ज, पुलिस के साथ पीटीआई कार्यकर्ताओं की हुई थी हिंसक झड़पन्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को खान (70 वर्षीय) को गिरफ्तार करने और उन्हें अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। अप्रैल 2022 में पद से हटाए जाने के बाद से खान के खिलाफ दर्ज 76 से अधिक मामलों में यह ताजा मामला है।तोशाखाना मामले में लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास से खान को गिरफ्तार करने के पुलिस के असफल प्रयास के बाद रविवार को खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जोरदार हमला बोला था। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदालतों में कई मामलों का सामना कर रहे हैं। खान के खिलाफ गुरुवार एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उन पर राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप लगाया है। एक दिन बाद शुक्रवार को एक शीर्ष अदालत ने इस गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। क्वेटा के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ खान की पार्टी पीटीआई ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी) में एक याचिका दायर की, जिसमें गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने और क्वेटा के एक पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने का आग्रह किया गया। क्वेटा बलूचिस्तान की राजधानी है।एचसी के न्यायमूर्ति जहीर–उद–दीन काकर ने बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक, जांच निदेशक, वरिष्ठ अधीक्षक (कानून), थाना प्रभारी और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया और सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।चेपेजंदरू इमरान के खिलाफ हत्या–आतंकवाद का मामला दर्ज, पुलिस के साथ पीटीआई कार्यकर्ताओं की हुई थी हिंसक झड़पन्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को खान (70 वर्षीय) को गिरफ्तार करने और उन्हें अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। अप्रैल 2022 में पद से हटाए जाने के बाद से खान के खिलाफ दर्ज 76 से अधिक मामलों में यह ताजा मामला है।तोशाखाना मामले में लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास से खान को गिरफ्तार करने के पुलिस के असफल प्रयास के बाद रविवार को खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जोरदार हमला बोला था। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदालतों में कई मामलों का सामना कर रहे हैं। खान के खिलाफ गुरुवार एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उन पर राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप लगाया है। एक दिन बाद शुक्रवार को एक शीर्ष अदालत ने इस गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। क्वेटा के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ खान की पार्टी पीटीआई ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी) में एक याचिका दायर की, जिसमें गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने और क्वेटा के एक पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने का आग्रह किया गया। क्वेटा बलूचिस्तान की राजधानी है।एचसी के न्यायमूर्ति जहीर–उद–दीन काकर ने बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक, जांच निदेशक, वरिष्ठ अधीक्षक (कानून), थाना प्रभारी और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया और सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।चेपेजंदरू इमरान के खिलाफ हत्या–आतंकवाद का मामला दर्ज, पुलिस के साथ पीटीआई कार्यकर्ताओं की हुई थी हिंसक झड़पन्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को खान (70 वर्षीय) को गिरफ्तार करने और उन्हें अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। अप्रैल 2022 में पद से हटाए जाने के बाद से खान के खिलाफ दर्ज 76 से अधिक मामलों में यह ताजा मामला है।तोशाखाना मामले में लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास से खान को गिरफ्तार करने के पुलिस के असफल प्रयास के बाद रविवार को खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जोरदार हमला बोला था। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदालतों में कई मामलों का सामना कर रहे हैं। खान के खिलाफ गुरुवार एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उन पर राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप लगाया है। एक दिन बाद शुक्रवार को एक शीर्ष अदालत ने इस गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। क्वेटा के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ खान की पार्टी पीटीआई ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी) में एक याचिका दायर की, जिसमें गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने और क्वेटा के एक पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने का आग्रह किया गया। क्वेटा बलूचिस्तान की राजधानी है।एचसी के न्यायमूर्ति जहीर–उद–दीन काकर ने बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक, जांच निदेशक, वरिष्ठ अधीक्षक (कानून), थाना प्रभारी और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया और सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।चेपेजंदरू इमरान के खिलाफ हत्या–आतंकवाद का मामला दर्ज, पुलिस के साथ पीटीआई कार्यकर्ताओं की हुई थी हिंसक झड़पन्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को खान (70 वर्षीय) को गिरफ्तार करने और उन्हें अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। अप्रैल 2022 में पद से हटाए जाने के बाद से खान के खिलाफ दर्ज 76 से अधिक मामलों में यह ताजा मामला है।तोशाखाना मामले में लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास से खान को गिरफ्तार करने के पुलिस के असफल प्रयास के बाद रविवार को खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जोरदार हमला बोला था। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदालतों में कई मामलों का सामना कर रहे हैं। खान के खिलाफ गुरुवार एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उन पर राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप लगाया है। एक दिन बाद शुक्रवार को एक शीर्ष अदालत ने इस गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। क्वेटा के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ खान की पार्टी पीटीआई ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी)में एक याचिका दायर की, जिसमें गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने और क्वेटा के एक पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने का आग्रह किया गया। क्वेटा बलूचिस्तान की राजधानी है।एचसी के न्यायमूर्ति जहीर–उद–दीन काकर ने बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक, जांच निदेशक, वरिष्ठ अधीक्षक (कानून), थाना प्रभारी और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया और सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।चेपेजंदरू इमरान के खिलाफ हत्या–आतंकवाद का मामला दर्ज, पुलिस के साथ पीटीआई कार्यकर्ताओं की हुई थी हिंसक झड़पन्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को खान (70 वर्षीय) को गिरफ्तार करने और उन्हें अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। अप्रैल 2022 में पद से हटाए जाने के बाद से खान के खिलाफ दर्ज 76 से अधिक मामलों में यह ताजा मामला है।तोशाखाना मामले में लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास से खान को गिरफ्तार करने के पुलिस के असफल प्रयास के बाद रविवार को खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जोरदार हमला बोला था। पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अदालतों में कई मामलों का सामना कर रहे हैं। खान के खिलाफ गुरुवार एक न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उन पर राष्ट्रीय संस्थानों के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप लगाया है। एक दिन बाद शुक्रवार को एक शीर्ष अदालत ने इस गैर–जमानती गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। क्वेटा के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ खान की पार्टी पीटीआई ने बलूचिस्तान उच्च न्यायालय (बीएचसी) में एक याचिका दायर की, जिसमें गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने और क्वेटा के एक पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द करने का आग्रह किया गया। क्वेटा बलूचिस्तान की राजधानी है।एचसी के न्यायमूर्ति जहीर–उद–दीन काकर ने बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक, जांच निदेशक, वरिष्ठ अधीक्षक (कानून), थाना प्रभारी और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करने के बाद गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया और सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी।चेपेजंदरू इमरान के खिलाफ हत्या–आतंकवाद का मामला दर्ज, पुलिस के साथ पीटीआई कार्यकर्ताओं की हुई थी हिंसक झड़पन्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस को खान (70 वर्षीय) को गिरफ्तार करने और उन्हें अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। अप्रैल 2022 में पद से हटाए जाने के बाद से खान के खिलाफ दर्ज 76 से अधिक मामलों में यह ताजा मामला है।तोशाखाना मामले में लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास से खान को गिरफ्तार करने के पुलिस के असफल प्रयास के बाद रविवार को खान ने देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जोरदार हमला बोला था।

# बांद्रा में उत्तर भारतीय संघ की फगुआ और फूलों संग होली कार्यक्रम संपन्न




मुंबई। उत्तर भारतीय संघ, मुंबई की तरफ से मंगलवार को बांद्रा पूर्व स्थित संघ भवन परिसर में फगुआ और फूलों के संग होली उत्सव का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश–बिहार के किसी गांव की होली की याद दिलाने वाले इस आयोजन पर इंद्र देव की कृपा भी रिमझिम फुहारों के रूप में बरसी। फुहार.. फगुआ और फूलों की खुशबू से संपूर्ण परिसर महक उठा और आम से लेकर खास लोग एक यादगार उत्सव का गवाह बनने पर प्रफुल्लित नजर आए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के लोग शरीक हुए ।उत्तर भारतीय संघ का पूरा परिसर उत्तर प्रदेश–बिहार के किसी गांव की तरह दिख रहा था। गांव के छोटे– छोटे घर, कुआं, घास काटने की मशीन सहित अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य राम मंदिर की बड़ी आकर्षक तस्वीर लगाई गई थी। कार्यक्रम के आयोजक और उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने कहा कि हम गांव के लोग हैं और होली अपने गांव की ही मनाना चाहते हैं, लेकिन समय के अभाव और आर्थिक दिक्कतों के चलते लोग गांव नहीं जा पाते, ऐसे में हमने यहां गांव की थीम पर आधारित सजावट की, ताकि यहां आए लोग अपने गांव को मिस नहीं करें। उन्होंने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे हमारे अंदर काम करने का जज्बा पैदा होता है। हम मुंबई महानगर प्रदेश (एमएमआर) के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसे न्याय दिलाना चाहते हैं। संघ ने मीरा रोड और ठाणे–कल्याण परिसर में संघ भवन बनाने का संकल्प लिया है, ताकि वहां गरीब उत्तर भारतीय समाज के लोगों के बेटे–बेटियों की शादी और अन्य समारोह आयोजित हो सके। हम चाहते हैं कि उत्तर भारतीय संघ से सभी दल और समाज के लोग जुड़े। हम सभी त्यौहार एक साथ मनाना चाहते हैं, हम मराठियों के साथ मिलकर गुढीपाडवा मनाना चाहते हैं। हमने कभी राजनीति के बारे में सोचा नहीं है ।कार्यक्रम में उपस्थित उत्तर पूर्व दिल्ली के सांसद और भोजपुरी सिने अभिनेता मनोज तिवारी ने कहा कि होली उल्लास–आनंद के लिए जानी जाती है। आरएन सिंह के देवलोक गमन के बाद उनके पुत्र संतोष आरएन सिंह उत्तर भारतीय संघ के कार्यों को बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं। इस कार्यक्रम में भी आरएन सिंह कहीं न कहीं मौजूद रहकर हमें आशीर्वाद प्रदान कर रहे होंगे। इसके पहले मनोज तिवारी ने भोजपुरी सिने स्टार और आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ मिलकर फगुआ की तान छेड़ी, इससे माहौल और भी रंगीन हो गया।

निरहुआ ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंच से भगवान श्री राम मंदिर का भव्य नजारा दिख रहा है और जल्द ही मंदिर निर्माण की मनोकामना पूरी होगी। पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष के रूप में संतोष आरएन सिंह अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने मराठी और उत्तर भारतीय समाज में एकता लाने पर बल दिया। लोक गायक सुरेश शुक्ला ने फगुआ और अन्य गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं का मनोरंजन किया।द उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह के विशेष आमंत्रण पर भारतीय मूल के नीदरलैंड निवासी शिवशंकर छेदी सपरिवार कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढा, विधायक राजहंस सिंह, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह, पूर्व मंत्री नसीम खान, पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, अमरजीत सिंह, मुंबई भाजपा प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, अजय सिंह, शिवसेना ठाकरे गुट के प्रवक्ता आनंद दुबे, एडवोकेट आरपी पांडे, आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली सहित बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय समाज के लोग उपस्थित थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली के अवसर पर काव्य गोष्ठी का शानदार आयोजन




दिल्ली विकास मिश्र डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा जी ने कार्यकम में अध्यक्ष की भूमिका निभाई ।अखिल भारतीय काव्य मंच मुंबई संस्था के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली के पुनीत अवसर पर एक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में अध्यक्ष की भूमिका में वरिष्ठ लेखिका मोटिवेशनल स्पीकर मुंबई निवासी डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा जी शामिल हुई ।मुख्य अतिथि की भूमिका में वरिष्ठ कवयित्री रेखा ड्रोलिया जी कोलकाता से,विशिष्ट अतिथि की भूमिका में जयपुर से डॉ निशा अग्रवाल जी,उत्तराखंड से पूनम डबराल जी,मुंबई से खुशी झा,बलिया से युवा कवयित्री शिवांगी सिंह कृष्णा बावरी,अलीगढ़ से डॉ संगीता राज जी शामिल हुई ।कार्यक्रम का संचालन श्रेष्ठ एवं लोकप्रिय संचालिका गाजियाबाद की पूनम माहेश्वरी जी ने किया ।कार्यक्रम का आगाज खुशी झा की मां सरस्वती की वंदना से हुआ। तत्पश्चात पूनम डबराल ने एक शानदार होली गीत की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराहा ।खुशी झा ने लाजवाब मुक्तक सुनाया ।शिवांगी कृष्णा वावरी ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। डॉ निशा अग्रवाल ने लाजवाब प्रस्तुति दी ।उनकी रचनाओं ने सभी को प्रभावित किया ।पूनम माहेश्वरी ने शानदार प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। रेखा ड्रोलिया ने लाजवाब प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया और महिला की महत्ता को बताते हुए अपनी बात रखी। डॉ संगीता राज ने अद्भुत होली गीत सुनाया और महिला दिवस पर अपने विचार साझा किया। अंत में डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा ने नारी के सभी रिश्तों को एक कविता के द्वारा बताते हुए अपनी शानदार कविता सुनाई और अपना अध्यक्षीय उद्बोधन भी दिया ।मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा ने अखिल भारतीय काव्य मंच को साधुवाद भी दिया ।पटल के संस्थापक प्रो अंजनी द्विवेदी अनमोल ने सभी आमंत्रित सम्मानित साहित्यकारों को इस कार्यक्रम में जुड़ने के लिए धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम के संयोजक विकास मिश्र सागर ने सभी आमंत्रित अतिथियों श्रोताओं दर्शकों और पटल के पदाधिकारियों मुकेश पाण्डेय ,निर्भय झा निर्वाण,ममता बारोट सभी को धन्यवाद दिया ।कार्यक्रम में शुभ्रा पालीवाल जी,सोहन लाल शर्मा प्रेम पूरे कार्यक्रम में जुड़े रहे ।एक हजार से अधिक कमेंट्स से श्रोताओं और दर्शकों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की।

# व्याख्याता केवल कृष्ण बडेरा ने पर्यावरण पर दिया व्याख्यान



जयपुर राजस्थान। दिनांक 6 मार्च 2023 को एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में केवल कृष्ण बडेरा रहे। आपको बता दे कि बडेरा अनेकानेक संस्थानों से जुड़े हैं तथा विभिन्न सम्मानित मंच से अपने उद्‌गार व्यक्त कर चुके हैं उनका मूल रूप से व्याख्यान जल संरक्षण प्रकृति संरक्षण स्वच्छ भारत एवं बिजली बचाओ प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे विषयों पर विद्यालय के भव्य सभागार में विद्यार्थियों से अनेकानेक प्रश्न पूछ कर तथा उनकी जिज्ञासाओं का उत्तर देकर मिशन को साकार रूप दिया ।उनका व्यख्यान विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ एवं श्रद्धा पूर्वक श्रवण किया तथा अपनी प्रकृति के संरक्षण हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने भी विचार करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को एक संकल्प लेना होगा कि वह अपनी इस धरती को हरा भरा बनाने मेंअपना योगदान अवश्य दें। कार्यक्रम का समापन मंत्रोच्चार एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

# महिला दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ,भायंदर पूर्व के इंद्रप्रस्थ कंपलेक्स परिसर में स्थित पंचशील सोसायटी की तरफ से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिल्पा देवरुखकर, अशिविनी पवार, लतिका काळे, सुरेखा चाळके, सिंधू सुतार , अमिता राउत, सुवर्णा चव्हान तथा अन्य सहयोगी महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में कड़ी मेहनत की। श्रीमती बांदल ताई, अंजली पवार, गुरव ताई, शिल्पा चाळके आदि महिलाओं ने महिला शक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सराहनीय अभिव्यक्ति की। पंचशील सोसायटी के विश्वास जाधव, दगडु चाळके, आनंद पवार, सहदेव चव्हान, मनोज खैरे, दिगंबर सुतार आदि पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया।

# राजस्थानी मंडल गोकुलधाम यशोधाम का होलिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



मुंबई। राजस्थानी मंडल गोकुलधाम यशोधाम द्वारा 38 वां होलिकोत्सव का कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। सोमवार सुबह से ही महिलाओं ने ठंडी होली पूजन किया ।सायं 7 बजे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार से होलिकादहन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक सुनिल प्रभु का सम्मान डॉ.अनील काशीप्रसाद मुरारका ने राजस्थानी पगडी से किया। नगरसेवक स्वप्निल टेमलकर , नगरसेविका प्रिती साटम एवं बड़े अधिकारी उपस्थित रहे। श्यामसुंदर पंसारी , रमेश मोदी,उमेश मोदी, कृष्णाकुमार झुनझुनवाला परमेश्वरदयाल तुलस्यान, सुशील सिंघानिया , श्रीराम शर्मा, प्रदीप गोयल, रामानंद संगई, रमेश गोयल,श्रीकान्त अग्रवाल, कैलाश केजरीवाल, मधुसूदन केजरीवाल, विष्णु मुरारका, सुरेन्द्र गाडिया , सुशील पोद्दार एवं बड़ी संख्या में समाज के प्रतिष्ठित महानुभावों की उपस्थिति रही। 130 सदस्य एक रंग के कुर्ते में उपस्थित रहें ।संस्था की तरफ से राजेन्द्रकुमार तुलस्यान ने आगन्तुकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महोत्सव चौनल द्वारा किया गया। राजस्थानी लोकगीत गायक उमाशंकर गोयनका, प्रेम बियाला, प्रमोद शर्मा, प्रदीप पारीक , कुंदन मिश्रा, मेघराज पार्टी ने बांसुरी पर लोकगीतों की प्रस्तुति इस तरह तीन दिवसीय कार्यक्रम निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर मुंबई के खासदार गोपाल शेट्टी भी उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा एवं ब्रज भावना ट्रस्ट ने निर्धन बच्चों को पिचकारी व रंग-गुलाल वितरित किए



वृन्दावन ।रतन छत्री क्षेत्र स्थित ब्रज भावना ट्रस्ट के कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (वृन्दावन–मंडल) एवं ब्रज भावना ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रंगोत्सव पर्व (होली) के अवसर पर नगर के निर्धन बच्चों को रंग–गुलाल एवं पिचकारी आदि का वितरण किया गया ।रंग–गुलाल एवं पिचकारी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। ब्रज भावना ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित जुगल किशोर शर्मा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा (वृंदावन मंडल) के कोषाध्यक्ष पंडित भरत शर्मा ने कहा कि होली हमारे सनातन धर्म का प्रमुख पर्व है ।इसे हम सभी को धूमधाम से मनाना चाहिए ।परंतु आर्थिक तंगी के कारण कई निर्धन बच्चे इसे मनाने से वंचित रह जाते हैं ।इसीलिए आज हमने निर्धन बच्चों में रंग –गुलाल व पिचकारी आदि का निःशुल्क वितरण किया है ।ताकि वह होली का आनंद ले सकें।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं डॉ. राधाकांत शर्मा ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द्र और समरसता का पर्व है ।यह पर्व हम सभी के हृदय में समानता का भाव स्थापित करता है ।आज ब्रज भावना ट्रस्ट व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (वृन्दावन–मंडल) के द्वारा निर्धन बच्चों को भी होली खेलने के लिए जो पिचकारी व रंग–गुलाल आदि का वितरण किया गया है, वो अति प्रशंसनीय है ।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल संयोजक प्रदीप शर्मा, गोपाल नारायण शर्मा, गोपाल गौतम ,रविकांत तिवारी एवं प्रवेश आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# बिहार प्रदेश वैश्य महासभा के द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य सांस्कृतिक आयोजन




राजधानी की बहुचर्चित राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था बिहार प्रदेश वैश्य महासभा के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार ,एडवोकेट ,पटना हाईकोर्ट, पटना की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह, स्थानीय कासा पिकोला होटल के सभागार में संपन्न हुआ । महिला दिवस की पूर्व संध्या पर समाज के गरीब छात्राओं को आर्थिक मदद दी गई । इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। जिसका आनंद सभी लोगों ने लिया एक दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर , गीत, संगीत व नृत्य के भव्य कार्यक्रम में भी भाग लिया । सभी लोगों ने एक दूसरे को होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी ।.... ...अध्यक्ष डॉक्टर आनंद कुमार ने बताया कि हमारी संस्था गरीब परिवार को निरूशुल्क विधिक व्यवस्था व कानूनी सहयोग से न्याय दिलाने की व्यवस्था करती है तथा गरीब बच्चों को निशुल्क फीस आदि देने की पढ़ाने के लिए सहयोग करती आयी है और करती रहेगी । उन्होंने बताया कि यह संस्था भामाशाह जयंती भी आगामी 23 अप्रैल को मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष पी.के. चौधरी तथा डॉ. संजय कुमार, प्रधान महासचिव दिलीप गुप्ता , महिला सेल की अध्यक्षा कांति केसरी ,डॉ. अमित केसरी, डॉक्टर अनिल कुमार ,पत्रकार बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता सहित रेणु गुप्ता, वीणा मानवी, कोमल बरनवाल , रंजीत कुमार संजय गुप्ता, अतुल कुमार अभि ,रीना गुप्ता ,आशुतोष अग्रहरि ,राजीव कुमार गुप्ता ,कृष्ण मुरारी ,विपुल गांधी, राधे गुप्ता, संगीता ,मोहिनि प्रिया ,सोहिनी प्रिया , कल्याणी निशा ,ममता ,सूरज, डॉ. प्रवीण साहू, आरती बरनवाल, रूबी कुमारी, आरती राय आदि सैकड़ों शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थें।

# बीएसएफ के जवानों ने ग्रामीणों के साथ मनाई होली



श्रीगंगानगर ! होली का त्यौहार बीएसएफ सेना के जवानों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मनाया। घरों से बाहर मनाया होली का त्यौहार इस अवसर पर बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि होली के दिन हमारे जवान लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात होते है और हमें होली का पर्व मनाने का अवसर नहीं मिलता, इसलिए एक दिन बाद हम रंगों का त्यौहार मना रहे हैं, ताकि हमारे जवानों को यह एहसास न हो कि वे घरों से बाहर हैं। जिस तरह गांव 22 पीटीडी 25 पीटीडी के लोगों का प्यार और स्नेह मिल रहा है, हमें इसका एहसास नहीं हुआ कि हम घरों से बाहर हैं। हमें बहुत खुशी का एहसास हो रहा है। इस मौके पर मुख्य ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता नंदलाल दुगरिया, राजेश सूडिया, केशव नायक , विजेंद्र सिंह, कृष दीप, मोनू, प्रवीण कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अशोक कुमार, और ग्रामीण बच्चे मौजूद रहे।

# फिजा में खूब उड़े रंग गुलाल, गांव और शहर सब हुये रंगीन



जनपद में बुधवार को गांव और शहर हर तरफ होली का उल्लास रहा। होली को लेकर सबसे अधिक उत्साहित बच्चे रहें। एक दूसरे को रंग अबीर लगाने में कोई पीछे नहीं रहना चाहता था। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों पर रंग डालने के लिए बच्चे छतों और गलियों में पिचकारियों में रंग भर कर मुश्तैद रहते थे जैसे ही कोई बाइक सवार या साइकिल सवार सड़क से गुजरता था। उन पर बच्चे रंगों की बौछार कर देते थे। मंगलवार की शाम आसमान में बादल आ गये थे और रात में तथा भोर में जनपद में कुछ स्थानों पर नाम मात्र की बूंदाबांदी हुई लेकिन जैसे –जैसे दिन चढ़ता गया अच्छी धूप निकल आई। दिन चढ़ने के साथ ही फिजा रंग गुलाल से रंगीन होती गई। ग्रामीण और शहरी इलाकों में डी जे के साथ लोग नाचते गाते लोगों रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते आगे बढ़ रहे थे। दोपहर तक बाद लोग घरों से निकल कर एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाकर मिलते रहे यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। ग्रामीण इलाकों में शाम को जगह –जगह लोग ढोल मजीरे की धुन पर फाग,चइता,बेलवइया जैसे लोकगीतों का गायन कर रहे थे ।लोक गीत का गायन होने वाले स्थानों पर लोग ठंडई भी पी रहे थे ।इस बीच चिकन और मटन का बाजार भी बुधवार की सुबह से ही गर्म रहा मछलीशहर तहसील क्षेत्र के जंघई, बंधवा बाजार, खाखोपुर, सतहरिया, मीरगंज,जमुहर,सरायबीका,गरियांव,नीमापुर, सुजानगंज,पवांरा तथा मछलीशहर और मुंगराबादशाहपुर कस्बों में सुबह से ही चिकन और मटन के खरीदारों की भीड़ लगी रही। चिप्स, पापड़ और गुझिया जो पहले से ही तैयार थी,को घर आने वाले लोगों की आवभगत में परोसी जा रही थी।

# रात को बाइक उठा के ले गए गांव

डूंगरपुर जिला तहसील सागवाड़ा गांव सरोदामैं बादल रतन जी पाटीदार की बाइक और रमेश रूपेग पाटीदार जो कि पत्रकार है उसकी भी बाइक रात को अज्ञात चोर उठाकर ले गए। बाइक को गांव के बाहर जंगल में ले जाकर तोड़फोड़ करके छोड़ कर चले गए। गांव में ऐसी घटना होने से सभी लोग हतप्रभ है कि चोरों के हौसले कितने बुलंद है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने सभी गांव वालों को सजग रहने की सलाह दी है।



# पुष्पेंद्र ! तुम्हारा इस तरह जाना बर्दाश्त नहीं हो रहा

अभी तो मिले थे, हरीश पाठक आए थे उसी शाम पलाश में ही देर तक गपशप हुई थी। देर से आए थे तुम और देर तक ठहरे भी थे, लेकिन तुम्हारा फोन उस दरम्यान भी बजता ही रहा। बहुत हो गया तो मैंने तनिक खीझ कर कहा ,भाई! बहुत हो गया । दफ्तर का तनाव मित्रों की महफिल में क्यों लेकर आते हो। सारा मजा किरकिरा हो जाता है। तुम अपनी सदाबहार मुस्कान के साथ बोले,ष माध्यम का कुछ अर्जेंट काम चल रहा है। देर रात तक चलेगाष।

मैने पूछा ऐसा महीने में कितने दिन होता है? तुमने फिर हँसते हुए कहा ,ष्भाई साब! कुछ ठिकाना नहीं। महीने भर ही चलता रहता हैष। मैंने कहा ,ष्भाई,कुछ सेहत का ध्यान रखो। कोविड के बाद से कुछ ठिकाना नहीं,इसलिए थोड़ी सावधानी जरूरी हैष। तुम फिर मुस्कुराए, कहा कुछ नहीं हमने फिर विषय बदल दिया । पुष्पेंद्र से यही मेरी अंतिम मुलाकात थी ।

याद है पुष्पेंद्र से पहली मुलाकात

पहली बार मेरी भेंट शायद सागर में हुई थी, सन 1990 या एकाध साल पहले दादा भुवन भूषण देवलिया जी के साथ। छतरपुर से भोपाल जाते समय दादा से मिलना चाहता था। उनके पास पहुंचा तो उन्होंने पुष्पेंद्र को भी बुला लिया। नौजवान पुष्पेंद्र समाजवादी सोच का झंडा उठाए, एकदम सहज और शिष्ट। मैं उन दिनों जयपुर नवभारत टाइम्स में मुख्य उपसंपादक था । जब छुट्टियों में छतरपुर आता तो कभी–कभी भोपाल होते हुए लौटता था। पुष्पेंद्र मुझसे करीब पांच साल छोटे थे, इसलिए मेरे लिए वे पुष्पेंद्र और उनके लिए मैं भाई साब बना रहा। पीपी कभी जबान पर आया ही नहीं ।

दूसरी मुलाकात भी याद आ रही है। मैं भोपाल आ चुका था और 1991 में नई दुनिया के समाचार संपादक पद से इस्तीफा देकर स्वतंत्र पत्रकारिता कर रहा था। पुष्पेंद्र सागर विश्वविद्यालय में पत्रकारिता के शिक्षक थे। प्रदीप कृष्णात्रे विभाग अध्यक्ष थे और उप्पल मैडम भी वहीं थीं। अहा ! क्या टीम थी वह। पत्रकारिता के मूल्यों और सरोकारों को समर्पित। अपने छात्रों को भी इस टीम ने अपनी तरह ही गढ़ने की कोशिश की थी। उन्हीं दिनों पुष्पेंद्र, सागर से प्रदीप कृष्णात्रे जी का एक औपचारिक पत्र लेकर आए थे, शायद 1992 का साल था। वे चाहते थे कि मैं कम से कम एक सप्ताह के लिए सागर आऊं और पत्रकारिता के छात्रों को पढ़ाऊं ।

पुष्पेंद्र के अनुरोध में आग्रह कम, अधिकार अधिक था। मुझे वह अधिकार अच्छा लगा और मैंने हां कर दी। एक सप्ताह शानदार बीता। विश्वविद्यालय के विश्रामगृह में ठहरा था। रोज–रोज वहां का एक जैसा भोजन बोर करने लगा। पुष्पेंद्र को इसका अहसास हो गया। इसके बाद तो फिर शाम का घर जैसा भोजन अक्सर पुष्पेंद्र के साथ ही मिलता था। उस दौरान देश की राजनीति, आर्थिक चुनौतियां और विदेश नीति पर मंडराते काले बादल चर्चाओं का विषय हुआ करते थे। इनमें मैडम उप्पल और प्रदीप कृष्णात्रे जी भी साथ हुआ करते थे। कभी कभी उनके छात्र भी शामिल हो जाते थे। इस तिकड़ी ने अनेक अच्छे पत्रकार गढ़े।

अमिताभ श्रीवास्तव, मणि कांत सोनी,दीपक तिवारी और संदीप सोनवलकर के नाम तो मैं एकदम याद कर सकता हूं। तीनों ही आज अपने शिखर पर हैं। यह अध्यापन कार्यशाला मेरे पत्रकारिता के 35 साल के अध्यापकीय अनुभव के नजरिए से आज तक की सर्वश्रेष्ठ कार्यशाला है। उसमें मैंने पुष्पेंद्र का आदर्श शिक्षक वाला रूप देखा।

छात्रों के प्यारे पीपी सर

इसके बाद पुष्पेंद्र और मैडम उप्पल माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय आ गए। कमल दीक्षित भी जयपुर से आ चुके थे । यहां इन लोगों ने शानदार पारी खेली और अच्छे पत्रकारों की फसल तैयार की। तब तक पुष्पेंद्र छात्रों के चहेते पीपी सर बन चुके थे। करीब पंद्रह साल तक विश्वविद्यालय की प्रत्येक शैक्षणिक गतिविधि में मेरी भूमिका रही और इसके पीछे पुष्पेंद्र ,मैडम उप्पल और कमल दीक्षित केंद्र में थे।

अफसोस, हमने तीनों को खो दिया। मैं आजतक चौनल का संपादक था तो पुष्पेंद्र लगभग हर बैच के चुनिंदा छात्रों को इंटर्नशिप के लिए भेजते थे। वे खुद उन बच्चों को लेकर आते थे और मैं उनसे कहता था कि आप पुष्पेंद्र जी के छात्र हैं? इंटर्नशिप के बाद आपको भोपाल नहीं लौटना है और न ही घर जाना है। आपको इतनी मेहनत करनी है कि वहीं नौकरी मिल जाए। मुझे याद है कि एक छात्र रजनीकांत को लेकर वे आए थे। वह छात्र वाकई मेधावी था। मैंने उसे भी कहा था कि रजनीकांत! पुष्पेंद्र सर की इज्जत का ख्याल रखना। मैं तुमको भेज रहा हूं, बाद में वही रजनीकांत स्टार न्यूज चौनल में एक शिखर पद पर पहुंचा। यह पुष्पेंद्र का जादुई व्यक्तित्व था कि उनके सामने कोई भी छात्र हो, पैर छूकर जाता था चाहे वह कितने ही गुस्से में आया हो।

जब मैं 2005 में दिल्ली गया तो लगभग हर साल पुष्पेंद्र मुझे चुनिंदा छात्रों को इंटर्नशिप के लिए भेजते रहे। मैं जिन चौनलों का प्रमुख रहा ,वहां उन छात्रों ने पुष्पेंद्र के नाम पर इंटर्नशिप ही नहीं ,नौकरी भी पाई।

करीब एक दशक पहले की बात है एक दिन पुष्पेंद्र का फोन आया, दिल्ली आए थे, आवाज में तनाव था। मैंने उन्हें शाम के भोजन पर आमंत्रित किया। वे विश्वविद्यालय में वैचारिक प्रपंचों से दुखी थे और नौकरी छोड़ने के मूड में आ गए थे। मैं तब राज्यसभा टीवी का कार्यकारी निदेशक था। मैंने उन्हें तुरंत सम्मानजनक पद और वेतन का ऑफर दिया लेकिन, मेरी राय थी कि ऐसे मौके पर आपका त्यागपत्र पलायन कहा जाएगा। आप जब तंत्र से लड़ते हैं तो आप छात्रों के लिए मिसाल बन जाते हैं। पुष्पेंद्र सहमत थे वे लौट गए, लेकिन रोज ही एक बार फोन पर बात हो जाती। बाद में एक दिन सुबह सुबह फोन आया कि जनसम्पर्क और माध्यम के लिए कोई नई जिम्मेदारी ले ली है।

यूनिवर्सिटी में उनके लिए काफी दिक्कतें आ रही थीं। मैंने उस दिन भी कहा कि पुष्पेंद्र यह काम भी तुम्हारी रुचि का नहीं है, पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते स्वीकार कर रहे हो, लेकिन मेरा तुमको स्थायी निमंत्रण है जब चाहो,मेरे चौनल में ज्वाइन कर सकते हो। उसके बाद पुष्पेंद्र ने स्वयं को बदली भूमिका के हिसाब से तैयार कर लिया। सच कहूं, तो अंदर से नई जिम्मेदारी पुष्पेंद्र को कभी खुश नहीं रख सकी। पत्नी के नहीं रहने का झटका भी था, बड़ी मुश्किल से संभले थे, अब बेटी की चिंता रहती थी।

बीते दिनों दुष्यंत संग्रहालय में मुझे पुष्पेंद्र को सम्मानित करने का अवसर मिला था। उस दिन वे तनिक भावुक थे, देर तक हम दोनों पुराने दिनों की पत्रकारिता और कुछ निजी सुख–दुख की बातें करते रहे। बाद में बोले, बरसों बाद आपसे इस तरह बात हुई, मन हल्का है...।

लेकिन आज मेरा मन हल्का नहीं है, अभी तुम अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाए थे, बहुत काम छोड़ गए हो हम लोगों के लिए। पुष्पेंद्र, तुमको न भूल पाएंगे, फांस चुभती रहेगी कि तुम्हें अंतिम विदाई देने नहीं आ सका।

करीब एक दशक पहले की बात है एक दिन पुष्पेंद्र का फोन आया, दिल्ली आए थे, आवाज में तनाव था। मैंने उन्हें शाम के भोजन पर आमंत्रित किया। वे विश्वविद्यालय में वैचारिक प्रपंचों से दुखी थे और नौकरी छोड़ने के मूड में आ गए थे। मैं तब राज्यसभा टीवी का कार्यकारी निदेशक था। मैंने उन्हें तुरंत सम्मानजनक पद और वेतन का ऑफर दिया लेकिन, मेरी राय थी कि ऐसे मौके पर आपका त्यागपत्र पलायन कहा जाएगा। आप जब तंत्र से लड़ते हैं तो आप छात्रों के लिए मिसाल बन जाते हैं। पुष्पेंद्र सहमत थे वे लौट गए, लेकिन रोज ही एक बार फोन पर बात हो जाती। बाद में एक दिन सुबह सुबह फोन आया कि जनसम्पर्क और माध्यम के लिए कोई नई जिम्मेदारी ले ली है।

यूनिवर्सिटी में उनके लिए काफी दिक्कतें आ रही थीं। मैंने उस दिन भी कहा कि पुष्पेंद्र यह काम भी तुम्हारी रुचि का नहीं है, पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते स्वीकार कर रहे हो, लेकिन मेरा तुमको स्थायी निमंत्रण है जब चाहो,मेरे चौनल में ज्वाइन कर सकते हो। उसके बाद पुष्पेंद्र ने स्वयं को बदली भूमिका के हिसाब से तैयार कर लिया। सच कहूं, तो अंदर से नई जिम्मेदारी पुष्पेंद्र को कभी खुश नहीं रख सकी। पत्नी के नहीं रहने का झटका भी था, बड़ी मुश्किल से संभले थे, अब बेटी की चिंता रहती थी। बीते दिनों दुष्यंत संग्रहालय में मुझे पुष्पेंद्र को सम्मानित करने का अवसर मिला था। उस दिन वे तनिक भावुक थे, देर तक हम दोनों पुराने दिनों की पत्रकारिता और कुछ निजी सुख–दुख की बातें करते रहे। बाद में बोले, बरसों बाद आपसे इस तरह बात हुई, मन हल्का है. ..। लेकिन आज मेरा मन हल्का नहीं है, अभी तुम अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाए थे, बहुत काम छोड़ गए हो हम लोगों के लिए। पुष्पेंद्र, तुमको न भूल पाएंगे, फांस चुभती रहेगी कि तुम्हें अंतिम विदाई देने नहीं आ सका।



JJ MEDIA NEWS

झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है

संपर्कः- 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

# दूसरे दिन का खेल समाप्त, भारत का स्कोर 36/0, ऑस्ट्रेलिया से 444 रन पीछे है टीम इंडिया



दूसरे दिन का खेल समाप्तदूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। भारत ने अपनी पहली पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 36 रन बना लिए हैं। भारतीय टीम को आज 10 ओवर बैटिंग करनी पड़ी। फिलहाल कप्तान रोहित शर्मा 33 गेंदों में 17 रन और शुभमन गिल 27 गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद हैं। टीम इंडिया अभी ऑस्ट्रेलिया से 444 रन पीछे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 480 रन पर समाप्त हुई थी। उस्मान ख्वाजा ने 180 रन, कैमरन ग्रीन ने 114 रन और टॉड मर्फी ने 41 रन की पारी खेली थी। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट झटके थे। तीसरे दिन भारतीय टीम रोहित–शुभमन द्वारा मिली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील करना चाहेगी।भारतीय बल्लेबाजी शुरू हो चुकी है। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ओपनिंग के लिए आए हैं। इन दोनों पर आज कोई भी विकेट नहीं गिरने देने की जिम्मेदारी होगी।टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की पहली पारी 480 रन पर समाप्त हो गई। आज ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 255 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब उस्मान ख्वाजा और कैमरन ग्रीन क्रीज पर मौजूद थे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी निभाई। आउट होने से पहले कैमरन ग्रीन ने टेस्ट करियर



का अपना पहला शतक जड़ा। वह 170 गेंदों में 114 रन बनाकर आउट हुए। अश्विन ने ग्रीन को विकेटकीपर केएस भरत के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में अश्विन ने एलेक्स कैरी को भी पवेलियन भेजा। कैरी खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को 387 के स्कोर पर सातवां झटका लगा। रविचंद्रन अश्विन ने मिचेल स्टार्क को शॉर्ट लेग पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। स्टार्क छह रन बना सके। चायकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट गंवाकर 409 रन बनाए थे। चायकाल के बाद पहले ही ओवर में अक्षर पटेल ने उस्मान ख्वाजा को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह 422 गेंदों में 180 रन बना सके। इसके बाद नाथन लियोन और टॉड मर्फी ने नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी निभाई। अश्विन ने मर्फी (41) को एल्बीडब्ल्यू

और फिर लियोन (34) को कोहली के हाथों कैच करा ऑस्ट्रेलियाई पारी को 480 रन पर खत्म कर दिया।अश्विन ने इस पारी में कुल छह विकेट झटके। 32वीं बार उन्होंने टेस्ट में पारी में पांच विकेट लिए हैं। वहीं, भारतीय जमीन पर 26वीं बार उन्होंने ऐसा किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सातवीं बार अश्विन ने टेस्ट में पारी में पांच विकेट लिए हैं। वह अब तक कंगारुओं के खिलाफ टेस्ट में 113 विकेट ले चुके हैं। अश्विन के अलावा शमी को दो विकेट मिले। वहीं, अक्षर–जडेजा को एक–एक विकेट मिला।पहले दिन क्या हुआ था?अहमदाबाद की सपाट पिच पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले विकेट के लिए हेड और ख्वाजा ने 61 रन जोड़े। इसके बाद हेड (32) और लाबुशेन (3) आउट हुए, लेकिन स्मिथ ने ख्वाजा के साथ बड़ी साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। स्मिथ (38) अर्धशतक नहीं लगा पाए और उनके बाद आए पीटर हैंड्सकॉम्ब (17) भी छोटे स्कोर पर पवेलियन लौट गए। हालांकि, इसके बाद पहले दिन ग्रीन और ख्वाजा ने कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस बीच ख्वाजा ने अपना शतक भी पूरा किया।ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम के बल्लेबाजों के सामने भारतीय गेंदबाज जूझते हुए नजर आए। उस्मान ख्वाजा के आउट होने के बाद नाथन लियोन ने टॉड मर्फी के साथ नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी निभाई। मर्फी को अश्विन ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह 61 गेंदों में 41 रन बना सके। अश्विन ने मर्फी को आउट कर टेस्ट में 32वीं बार पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया। भारत में 26वीं बार और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सातवीं बार उन्होंने ऐसा किया है। फिलहाल मैथ्यू कुह्नेमैन और नाथन लियोन क्रीज पर हैं। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर नौ विकेट पर 479 रन है।ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 452 रन बना लिए हैं। फिलहाल टॉड मर्फी 28 रन और नाथन लियोन 20 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच नौवें विकेट के लिए अब तक 43 रन की साझेदारी हो चुकी है। भारतीय गेंदबाज आठ विकेट निकालने के बाद पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट

करने में जूझ रहे हैं। उस्मान ख्वाजा 180 रन बनाकर पवेलियन लौटे।ऑस्ट्रेलिया को 409 के स्कोर पर आठवां झटका लगा। अक्षर पटेल ने उस्मान ख्वाजा को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। ख्वाजा दोहरा शतक बनाने से चूक गए। वह 422 गेंदों में 180 रन बनाकर आउट हुए। ऑन फील्ड अंपायर नितिन मेनन ने पहले ख्वाजा को नॉटआउट दिया था। तब मैदान पर रोहित शर्मा मैदान पर मौजूद नहीं थे। ऐसे में चेतेश्वर पुजारा ने डीआरएस लिया। यानी रोहित की गैर मौजूदगी में पुजारा कप्तानी कर रहे हैं। हाल ही में केएल राहुल को टेस्ट में उपकप्तान के पद से हटाया गया था। फिलहाल टॉड मर्फी और नाथन लियोन क्रीज पर हैं।चायकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट गंवाकर 409 रन बना लिए हैं। फिलहाल उस्मान ख्वाजा 180 रन और नाथन लियोन छह रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच आठवें विकेट के लिए अब तक 22 रन की साझेदारी हो चुकी है। आज अब 30 से ज्यादा ओवरों का खेल बाकी है। आज भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने आज तीन विकेट झटके। उन्होंने कैमरन ग्रीन (114), एलेक्स कैरी (0) और मिचेल स्टार्क (6) को आउट किया है। इससे पहले कल उन्होंने ट्रेविस हेड को भी आउट किया था। ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट गंवाकर 405 रन बना लिए हैं। फिलहाल नाथन लियोन पांच रन और उस्मान ख्वाजा 177 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच 15 से ज्यादा रन की साझेदारी हो चुकी है। आज अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया को तीन झटके दिए हैं। उन्होंने कैमरन ग्रीन, एलेक्स कैरी और मिचेल स्टार्क को आउट किया है। ऑस्ट्रेलिया को 387 के स्कोर पर सातवां झटका लगा। रविचंद्रन अश्विन ने मिचेल स्टार्क को शॉर्ट लेग पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। स्टार्क छह रन बना सके। आज ऑस्ट्रेलियाई टीम को तीन झटके लगे हैं और तीनों ही विकेट अश्विन ने लिए हैं। इससे पहले उन्होंने कैमरन ग्रीन (114) और एलेक्स कैरी (0) को आउट किया था। इस मैच में कुल मिलाकर वह चार विकेट ले चुके हैं। आज तीन विकेट से पहले गुरुवार को अश्विन ने ट्रेविस हेड को आउट किया था। फिलहाल

उस्मान ख्वाजा 165 रन और नाथन लियोन क्रीज पर हैं।ऑस्ट्रेलिया को दूसरे दिन का पहला झटका कैमरन ग्रीन के रूप में लगा। उन्हें रविचंद्रन अश्विन ने विकेटकीपर श्रीकर भरत के हाथों कैच कराया। ग्रीन 170 गेंदों में 114 रन बनाकर आउट हुए। आउट होने से पहले ग्रीन ने उस्मान ख्वाजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद एलेक्स कैरी मैदान पर आए। उन्हें भी इसी ओवर में अश्विन ने अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। कैरी पांचवीं बार इस सीरीज में अश्विन का शिकार बने। फिलहाल उस्मान ख्वाजा 162 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक छह विकेट गंवाकर 378 रन बना लिए हैं। ख्वाजा के साथ मिचेल स्टार्क क्रीज पर हैं।उस्मान ख्वाजा के बाद कैमरन ग्रीन ने भी भारतीय गेंदबाजों पर टूट पड़े हैं। उन्होंने भी शतक जड़ दिया है। ग्रीन ने जडेजा की गेंद पर चौके के साथ शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का पहला शतक रहा। फिलहाल ग्रीन 147 गेंदों में 100 रन और ख्वाजा 153 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अब तक पांचवें विकेट के लिए 180 से ज्यादा रन की साझेदारी हो चुकी है।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरे दिन लंच तक अपनी पहली पारी में चार विकेट गंवाकर 347 रन बना लिए हैं। भारतीय गेंदबाज दूसरे दिन अब तक बेअसर नजर आए हैं और विकेट को तरस गए हैं। दूसरे दिन अब तक 29 ओवर फेंके जा चुके हैं, लेकिन भारतीय टीम को आज एक भी विकेट हासिल नहीं हुआ। फिलहाल उस्मान ख्वाजा 354 गेंदों में 150 रन और कैमरन ग्रीन 135 गेंदों में 95 रन बनाकर क्रीज पर हैं। ग्रीन पांच रन बनाते ही टेस्ट में अपना पहला शतक लगाएंगे। दोनों के बीच अब तक पांचवें विकेट के लिए 290 गेंदों में 177 रन की साझेदारी हो चुकी है।ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट गंवाकर 337 रन बना लिए हैं। उस्मान ख्वाजा ने चौके के साथ 150 रन पूरे किए। वह 347 गेंदें खेल चुके हैं। ख्वाजा करीब आठ घंटे से बल्लेबाजी कर रहे हैं। कल उन्होंने ओपनिंग की थी और पूरा दिन खेला था। आज भी वह अब तक बल्लेबाजी कर रहे हैं। वहीं, कैमरन ग्रीन भी शतक के करीब हैं। उन्होंने 85 रन बना लिए हैं। भारतीय गेंदबाज दूसरे दिन विकेट के लिए तरस गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट गंवाकर 328 रन बना लिए हैं। फिलहाल कैमरन ग्रीन 83 रन और उस्मान ख्वाजा 143 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारतीय गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए हैं। इन दोनों के बीच फिलहाल पांचवें विकेट के लिए 160 रन से ज्यादा की साझेदारी हो चुकी है।दूसरे दिन करीब एक घंटे का निकल चुका है और भारतीय टीम आज विकेट के लिए तरस गई है। आज 17 ओवर में भारतीय टीम एक भी विकेट नहीं ले पाई है। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर फिलहाल चार विकेट पर 296 रन है। कैमरन ग्रीन 65 रन और उस्मान ख्वाजा 129 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दोनों के बीच अब तक पांचवें विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हो चुकी है।

# अगर डेढ़ घंटे और बैटिंग करते उस्मान ख्वाजा तो टूट जाता यूनिस खान का बड़ा रिकॉर्ड जानें



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए इस मैच में शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां शतक रहा। ...तो टूट जाता यूनिस खान



का रिकॉर्डख्वाजा ने 180 रन की पारी खेली। हालांकि, इसमें सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने 422 गेंदें खेलीं। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी में 167.2 ओवर में 480 रन पर सिमट गई। इसमें से ख्वाजा ने अकेले 70 ओवर बल्लेबाजी की। वह गुरुवार को बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और दूसरे दिन चायकाल के बाद आउट हुए। ख्वाजा ने मैच में करीब 10 घंटे बल्लेबाजी की। अगर वह डेढ़ घंटे और बल्लेबाजी कर जाते तो पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ देते।यूनिस खान ने बनाया था यह रिकॉर्डदरअसल, भारत में किसी विदेशी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा देर बल्लेबाजी करने का रिकॉर्ड यूनिस के नाम ही है। उन्होंने मार्च 2005 में बैंगलोर में भारत के खिलाफ टेस्ट में साढ़े 11 घंटे बल्लेबाजी की थी। तब यूनिस ने 267 रन बनाए थे। अब उस्मान ने 10 घंटे बल्लेबाजी की है, लेकिन यूनिस का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। हालांकि, अपनी इस पारी के दौरान उस्मान ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।उस्मना ख्वाजा ने स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ाउस्मान ख्वाजा भारत के खिलाफ भारत में टेस्ट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों द्वारा भारत में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर के मामले में डीन जोन्स टॉप पर हैं। उन्होंने 1986 में चेन्नई में 210 रन बनाए थे। वहीं, मैथ्यू हेडन ने 2001 में चेन्नई में 203 रन बनाए थे। स्टीव स्मिथ ने 2017 में रांची में नाबाद 178 रन बनाए थे। वह ख्वाजा के बाद चौथे स्थान पर हैं। अक्षर

पटेल का यह इस टेस्ट में पहला विकेट रहा। इससे पहले उन्होंने तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच 47.4 ओवर डाले हैं। यह टेस्ट में उनके द्वारा लिए गए दो विकेटों के बीच उनके द्वारा फेंके गए सबसे ज्यादा ओवर हैं। ख्वाजा ने अपनी पारी में 21 चौके लगाए। उनके अलावा कैमरन ग्रीन ने 114 रन की पारी खेली। वहीं, टॉड मर्फी ने 41 रन, स्टीव स्मिथ ने 38 रन, नाथन लियोन ने 34 रन और ट्रेविस हेड ने 32 रन बनाए। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट झटके। टेस्ट में उन्होंने 32वीं बार पारी में पांच विकेट लिए।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए इस मैच में शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां शतक रहा। ...तो टूट जाता यूनिस खान का रिकॉर्डख्वाजा ने 180 रन की पारी खेली। हालांकि, इसमें सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने 422 गेंदें खेलीं। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी में 167.2 ओवर में 480 रन पर सिमट गई। इसमें से ख्वाजा ने अकेले 70 ओवर बल्लेबाजी की। वह गुरुवार को बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और दूसरे दिन चायकाल के बाद आउट हुए। ख्वाजा ने मैच में करीब 10 घंटे बल्लेबाजी की। अगर वह डेढ़ घंटे और बल्लेबाजी कर जाते तो पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ देते।यूनिस खान ने बनाया था यह रिकॉर्डदरअसल, भारत में किसी विदेशी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा देर बल्लेबाजी करने का रिकॉर्ड यूनिस के नाम ही है। उन्होंने मार्च 2005 में बैंगलोर में भारत के खिलाफ टेस्ट में साढ़े 11 घंटे बल्लेबाजी की थी। तब यूनिस ने 267 रन बनाए थे। अब उस्मान ने 10 घंटे बल्लेबाजी की है, लेकिन यूनिस का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। हालांकि, अपनी इस पारी के दौरान उस्मान ने कई

रिकॉर्ड अपने नाम किए।उस्मना ख्वाजा ने स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ाउस्मान ख्वाजा भारत के खिलाफ भारत में टेस्ट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों द्वारा भारत में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर के मामले में डीन जोन्स टॉप पर हैं। उन्होंने 1986 में चेन्नई में 210 रन बनाए थे। वहीं, मैथ्यू हेडन ने 2001 में चेन्नई में 203 रन बनाए थे। स्टीव स्मिथ ने 2017 में रांची में नाबाद 178 रन बनाए थे। वह ख्वाजा के बाद चौथे स्थान पर हैं। अक्षर पटेल का यह इस टेस्ट में पहला विकेट रहा। इससे पहले उन्होंने तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच 47.4 ओवर डाले हैं। यह टेस्ट में उनके द्वारा लिए गए दो विकेटों के बीच उनके द्वारा फेंके गए सबसे ज्यादा ओवर हैं। ख्वाजा ने अपनी पारी में 21 चौके लगाए। उनके अलावा कैमरन ग्रीन ने 114 रन की पारी खेली। वहीं, टॉड मर्फी ने 41 रन, स्टीव स्मिथ ने 38 रन, नाथन लियोन ने 34 रन और ट्रेविस हेड ने 32 रन बनाए। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट झटके। टेस्ट में उन्होंने 32वीं बार पारी में पांच विकेट लिए।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए इस मैच में शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां शतक रहा। ...तो टूट जाता यूनिस खान का रिकॉर्डख्वाजा ने 180 रन की पारी खेली। हालांकि, इसमें सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने 422 गेंदें खेलीं। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम पहली पारी में 167.2 ओवर में 480 रन पर सिमट गई। इसमें से ख्वाजा ने अकेले 70 ओवर बल्लेबाजी की। वह गुरुवार को बल्लेबाजी के लिए उतरे थे और दूसरे दिन चायकाल के बाद आउट हुए। ख्वाजा ने मैच में करीब 10 घंटे बल्लेबाजी की। अगर वह डेढ़ घंटे और बल्लेबाजी कर जाते

तो पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ देते।यूनिस खान ने बनाया था यह रिकॉर्डदरअसल, भारत में किसी विदेशी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा देर बल्लेबाजी करने का रिकॉर्ड यूनिस के नाम ही है। उन्होंने मार्च 2005 में बैंगलोर में भारत के खिलाफ टेस्ट में साढ़े 11 घंटे बल्लेबाजी की थी। तब यूनिस ने 267 रन बनाए थे। अब उस्मान ने 10 घंटे बल्लेबाजी की है, लेकिन यूनिस का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। हालांकि, अपनी इस पारी के दौरान उस्मान ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।उस्मना ख्वाजा ने स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ाउस्मान ख्वाजा भारत के खिलाफ भारत में टेस्ट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों द्वारा भारत में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर के मामले में डीन जोन्स टॉप पर हैं। उन्होंने 1986 में चेन्नई में 210 रन बनाए थे। वहीं, मैथ्यू हेडन ने 2001 में चेन्नई में 203 रन बनाए थे। स्टीव स्मिथ ने 2017 में रांची में नाबाद 178 रन बनाए थे। वह ख्वाजा के बाद चौथे स्थान पर हैं। अक्षर पटेल का यह इस टेस्ट में पहला विकेट रहा। इससे पहले उन्होंने तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच 47.4 ओवर डाले हैं। यह टेस्ट में उनके द्वारा लिए गए दो विकेटों के बीच उनके द्वारा फेंके गए सबसे ज्यादा ओवर हैं। ख्वाजा ने अपनी पारी में 21 चौके लगाए। उनके अलावा कैमरन ग्रीन ने 114 रन की पारी खेली। वहीं, टॉड मर्फी ने 41 रन, स्टीव स्मिथ ने 38 रन, नाथन लियोन ने 34 रन और ट्रेविस हेड ने 32 रन बनाए। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट झटके। टेस्ट में उन्होंने 32वीं बार पारी में पांच विकेट लिए।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए इस मैच में शतक जड़ा।

**झुग्गी झोपड़ी**
सत्वाधिकार, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार यादव द्वारा रमा प्रिंटिंगप्रेस 53/25/1ए, बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित रहीमाबाद पोस्ट कटहुला गौसपुर जिला प्रयागराज तहसील सदर से प्रकाशित
सम्पादक
संजय कुमार यादव
RNI No.: UPHIN/2015/63182
दूरभष : 0532–2618074
मोबाईल : 9918366626
डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23
e-mail: Jhuggijhopari@gmail.com
Website- www.Jhuggijhopari.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदाई तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा